(11)

न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारी :– यू0डी0 खान
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 73/2020

गोपीराम अग्रवाल, आर0टी0आई रिसर्च सेन्टर, बांसवाडा (राज0)

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं।

– –

सूचना का अधिकार अधिनियम
के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 14.10.2020

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 22.09.2020 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 73/2020 पर दिनांक 22.09.2020 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2020/1443–1444 दिनांक 22.09.2020 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ0 16(4)(5)न्याय/सू0अ0/20/3039 दिनांक 25.09.2020 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी गोपीराम अग्रवाल, आर0टी0आई रिसर्च सेन्टर बांसवाडा का आवेदन पत्र इस कार्यालय मे दिनांक 31.08.2020 को प्राप्त हुआ था। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे इस कार्यालय के पत्र कमांक एफ0 16(4)(5)न्याय/सू0अ0/09/576 दिनांक 21.09.2020 के द्वारा प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराई जा चुकी है। अतः अपीलार्थी का प्रथम अपील का प्रार्थना पत्र खारीज किये जाने की कृपा करे।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नही।
6. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं द्वारा पत्रांक एफ0 16(4)(5)न्याय/सू0अ0/20 3039 दिनांक 25.09.2020 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी गोपीराम अग्रवाल, आर0टी0आई रिसर्च सेन्टर बांसवाडा का आवेदन पत्र उनके कार्यालय मे दिनांक 31.08.2020 को प्राप्त हुआ था। अपीलार्थी द्वारा चाही गई उक्त सूचना के संबंध मे उनके कार्यालय के पत्र कमांक एफ016(4)(5)न्याय/सू0अ0/09/576 दिनांक 21.09.2020 के द्वारा प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराई जा चुकी है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है।
7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 14.10.2020 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(यू0डी0 खान)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं
जिला कलक्टर झुन्झुनूं
14/10/2020